भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 82 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 08 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


### जनता दुखी, सरकार बेखबर - गहलोत का भाजपा पर हमला

# पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा–कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया, सरकार के खिलाफ भाजपा के भीतर भी उठ रही आवाज

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर**



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को अजमेर दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनता दुखी और परेशान है, क्योंकि सरकार ने अब तक धरातल पर कोई ठोस काम नहीं किया। कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा। गहलोत ने यहां तक कहा कि भाजपा के अंदर ही सरकार के खिलाफ सुर उठने लगे हैं।

गहलोत ने अजमेर के स्वास्तिक नगर में बाढ़ जैसी स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि वहां जनता हालात से जूझ रही है, लेकिन भाजपा के बड़े नेता झांकने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि नुकसान का जो सर्वे कराया गया है वह जल्दबाजी में हुआ, इसकी गंभीरता से मॉनिटरिंग जरूरी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयानों पर चुटकी लेते हुए गहलोत ने कहा कि वे कभी 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट की बात करते हैं, कभी पलट जाते हैं। ÷कभी कहते हैं सब सनातनी हैं, फिर बात बदल देते हैं। समझ नहीं आता खेलते-खेलते क्यों फाउल कर बैठते हैं।इस दौरान गहलोत ने वसुंधरा राजे को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा–÷भाजपा-आरएसएस किसे मुख्यमंत्री बनाते हैं, यह उनका विषय है। लेकिन अगर राज्य में वसुंधरा होतीं, तो संघर्ष का मजा आता। मैं भजनलाल शर्मा का विरोध नहीं करता, लेकिन उनके सलाहकार कौन हैं, उन्हें ढूंढने की कोशिश में हूं।÷


वन नेशन वन इलेक्शन और चुनावों को लेकर गहलोत ने कहा कि समय पर पंचायत, निकाय और छात्रसंघ चुनाव नहीं कराना संविधान के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट तक इस पर टिप्पणी कर चुके हैं, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं।

चुनाव आयोग पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए। राहुल गांधी के वोट चोरी अभियान का हवाला देते हुए गहलोत बोले कि सबूत देने के बावजूद आयोग जांच के बजाय एफिडेविट मांग रहा है। ÷आयोग की भाषा स्तरहीन होती है, जबकि उसे निष्पक्ष रहकर काम करना चाहिए।÷

ईवीएम पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा कि कई विकसित देश आज भी बैलेट पेपर से चुनाव कराते हैं। ÷भारत को तय करना होगा कि हमें लोकतांत्रिक प्रणाली चाहिए या फिर चीन-रूस जैसा सिस्टम अपनाना है।

# छह माह में आठवीं बार सांप ने डसा, महिला फिर अस्पताल पहुंची

**भीलवाड़ा फोकस @ पाली**



शहर की शेखों की ढाणी में एक महिला के साथ हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। छह माह के भीतर आठवीं बार उसे सांप ने डस लिया। रविवार दोपहर अफसाना पत्नी मुश्ताक खान घर के बाहर कपड़े सुखा रही थी, तभी अचानक सांप ने काट लिया। परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार किया गया। परिजनों ने बताया कि अफसाना को पहली बार इस साल 20 मार्च को सांप ने डसा था। तब से अब तक लगातार आठ बार वह सांप के डंसने की शिकार हो चुकी है। हाल ही में 2 सितंबर को भी उसे सांप ने डसा था। सबसे गंभीर स्थिति तब बनी जब कुछ माह पहले कोबरा ने डंसा, उस समय उसे जोधपुर एम्स रैफर करना पड़ा था। अफसाना के पैरों पर जगह-जगह पुराने डंस के निशान अभी भी मौजूद हैं।

पति मुश्ताक खान ने बताया कि हर बार के इलाज की पर्चियां उसके पास मौजूद हैं। बार-बार होने वाली इन घटनाओं से पूरा परिवार दहशत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में सांपों की संख्या बढ़ने से लोगों की चिंता भी बढ़ गई है।

# कमलेश सुथार हत्याकांड से शहर में आक्रोश, घंटों चला धरना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर में हुई शनिवार रात आजाद नगर निवासी युवक कमलेश सुथार (30) की गला रेतकर हत्या ने पूरे शहर को झकझोर दिया। घटना के बाद सुथार समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज में आक्रोश फैल गया। रविवार सुबह बड़ी संख्या में लोग न्याय और मुआवजे की मांग को लेकर सूचना केंद्र पर जमा हुए और करीब चार घंटे तक शांतिपूर्ण धरना दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद लोगों ने आंदोलन खत्म किया, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया जा सका।

पुलिस के अनुसार कमलेश फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। उसका परिचित रणवीर सिंह सिसोदिया, जो ओम नगर में रहता है, सोशल मीडिया पर उसे धमकी दे रहा था। शनिवार रात कमलेश दोस्तों संग रणवीर के घर समझाइश करने पहुँचा, जहाँ विवाद के दौरान रणवीर ने धारदार हथियार से उसका गला काट दिया। घायल कमलेश को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान रणवीर भी घायल हुआ, जिसे सुवाणा अस्पताल में भर्ती करवाकर पुलिस ने डिटेन कर लिया है।

मृतक के भाई राहुल की रिपोर्ट पर हत्या का केस दर्ज किया गया है।

हत्या से गुस्साए लोगों ने सूचना केंद्र पर धरना देते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा, नौकरी और जल्द न्याय की मांग की।

अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि आरोपित की गिरफ्तारी व त्वरित ट्रायल कराया जाएगा तथा प्रतिकर सहित सभी सरकारी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। आश्वासन के बाद दोपहर करीब 1 बजे धरना समाप्त हुआ।

इस बीच, जांगिड़ समाज जिला अध्यक्ष महावीर जांगिड़ ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि घटना से छह घंटे पहले ही रणवीर ने वीडियो भेजकर धमकी दी थी कि उसे न पुलिस का डर है, न कानून का। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर पुलिस समय रहते सख्ती दिखाती तो यह हत्या टाली जा सकती थी।

# चंद्रग्रहण पर बंद रहे चारभुजानाथ मंदिर के पट, 17 घंटे बाद आज होंगे दर्शन




**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**( दिनेश पारीक)** । चंद्रग्रहण के चलते रविवार दोपहर से ही मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम श्री चारभुजानाथ मंदिर सहित क्षेत्र के सभी देवालयों के पट बंद कर दिए गए। परंपरा अनुसार मंदिर सोमवार सुबह शुद्धिकरण और पूजा-अभिषेक के बाद भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दैनिक दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर 12 बजे तक दर्शन का क्रम जारी रहा। 12 बजे बाद मंदिर ट्रस्ट कर्मचारियों और पुजारियों ने सभी द्वार बंद कर दिए। चंद्रग्रहण काल के चलते प्रभु को शयन की पोशाक पहनाकर 17 घंटे शयन की व्यवस्था की गई।

मंदिर बंद होने के बाद परिसर में सन्नाटा छा गया। संध्या आरती और शयन आरती भी रविवार को नहीं हो सकी। हालांकि कई भक्त परंपरा निभाते हुए बंद दरवाजे के बाहर मत्था टेकते और प्रार्थना करते नजर आए। सोमवार सुबह मंदिर को जल से धोकर शुद्ध किया जाएगा और इसके बाद भगवान का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर पुनः पट खोल दिए जाएंगे।

# गुरला में नाले में बही बोलेरो , ग्रामीणों की सूझबूझ से तीन युवकों की बची जान



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**

क्षेत्र में हो रही बारिश के बीच शनिवार देर रात गाडरमाला गांव के पास बरसाती नाले में बड़ा हादसा टल गया। यहां एक बोलेरो जीप पुलिया पार करते समय तेज बहाव में बह गई। गनीमत रही कि उसमें सवार तीन युवकों की जान ग्रामीणों ने समय रहते बचा ली।

जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार युवक इंडेन गैस पाइपलाइन कार्य से जुड़े कर्मचारी थे। वे रात को गाडरमाला से जवासिया रोड पर पुलिया पार कर रहे थे। तभी अचानक तेज बहाव में बोलेरो का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पानी में बहकर नाले के बीचोंबीच फंस गई।

सवार युवक किसी तरह तैरकर बाहर निकले और ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित हो पाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसाती नालों पर मजबूत पुलिया नहीं होने से हर साल इस तरह के हादसों का खतरा बना रहता है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# नदी पार करते समय बहा युवक, ग्रामीणों ने डूबने से बचाया

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**



थाना क्षेत्र के घोड़ास गांव में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। बरसाती नदी को पार करते समय युवक का पैर फिसलने से वह अचानक पानी में गिर गया और तेज धारा में बहने लगा। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद कुछ युवकों ने साहस दिखाते हुए उसकी जान बचा ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान डोरिया निवासी सद्दाम कुछ दूरी तक बहते हुए नदी के बीच ऊंचे स्थान पर फंस गया। वहां से निकलने का कोई रास्ता नहीं था। इसी बीच मेजा निवासी राजेश धाभाई, प्रभुलाल गाडरी और कैलाश गाडरी ने पहल करते हुए बचाव अभियान शुरू किया। पहले उन्होंने रस्सी फेंकी लेकिन वह युवक तक नहीं पहुंची। इसके बाद कार में रखी खाली प्लास्टिक की बोतलों को रस्सी से बांधकर नदी में छोड़ा गया। बहाव के साथ बहती बोतलें सद्दाम तक पहुंचीं और उसने मजबूती से रस्सी पकड़ ली।

करीब आधा दर्जन लोगों ने मिलकर खींचकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर काफी लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई। मेजा के युवकों की सूझबूझ और बहादुरी से युवक की जान बच पाई, वरना हादसा बड़ा रूप ले सकता था।

# अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित मदद पहुंचाए प्रशासन - डॉ. बैरवा

## भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट में बैठक लेकर राहत, मरम्मत और आगामी अभियानों की समीक्षा





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारी फील्ड में अलर्ट रहकर सघन मॉनिटरिंग करें और किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई कर सहायता उपलब्ध कराएं।

डॉ. बैरवा रविवार को जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अत्यंत महत्वपूर्ण सड़कों की गड्ढों की मरम्मत व पेंचवर्क कार्य तत्काल गति से कराए जाएं तथा पशु चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री ने फसल खराबे से जुड़ी जानकारी लेते हुए कहा कि ऑनलाइन गिरदावरी और सर्वे कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मुआवजे के प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर भेजे जाएं ताकि प्रभावित कृषकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि सड़कों व पुलों की मरम्मत, विद्यालयों व आंगनबाड़ी मरम्मत सहित कुल 1200 कार्यों के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए जा चुके हैं। शेष महत्वपूर्ण कार्यों के प्रस्ताव भी जल्द भेजे जाएंगे।

### आगामी अभियानों पर विशेष जोर

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने गांव चलो अभियान, शहर चलो अभियान और सहकारिता सदस्यता अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन अभियानों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिले के पंच गौरव उत्पादों की प्रगति की समीक्षा भी हुई। कलेक्टर ने बताया कि विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही संबंधित कार्य शुरू कराए जाएंगे।

### प्रेजेंटेशन से दी विस्तृत जानकारी

कलेक्टर संधू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अतिवृष्टि से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी और बताया कि जिला प्रशासन की टीमें हर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, उपखंड अधिकारी अक्षत सिंह सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 90 लाख की सड़क 6 माह भी नहीं टिकी, पाइप नहीं लगाने से बारिश में बही ,पड़ी गहरी खाई





भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

क्षेत्र के भगुनगर से पदमपुरा मार्ग पर बनी नई सड़क पहली ही बारिश में ही बह गई। खेतों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए पाइप डाले बिना ही सड़क बना दी गई, जिसका नतीजा यह हुआ कि तेज बहाव में पूरी सड़क टूटकर बह गई।

सड़क के पास लगे बोर्ड पर 3.30 किलोमीटर दूरी की इस सड़क की लागत 90 लाख रुपए दर्शाई गई है। बोर्ड पर कार्य समाप्ति की तिथि सितंबर 2023 लिखी हुई है। वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि कार्य को पूरे हुए अभी छह महीने भी नहीं हुए, लेकिन सड़क की यह हालत प्रशासन और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। मौके पर खड़े सोजी लाल गुर्जर, बनवीर सिंह,छोटू सिंह चैनपुरा और अन्य ग्रामीणों ने कहा कि अगर सड़क निर्माण के समय पाइप डाल दिए जाते तो खेतों से आने वाला पानी आसानी से निकल जाता और सड़क सुरक्षित रहती। लेकिन बिना निकासी का इंतजाम किए सीधे सड़क बना देना भारी लापरवाही को दर्शाता है ।

ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सड़क लाखो की लागत से बनी थी, लेकिन कुछ ही महीनों में बह गई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और सड़क का पुनर्निर्माण सही तकनीक से कराया जाए।

वही इस संबंध में ठेकेदार का कहना है कि सड़क निर्माण के समय पाइप रखे जा रहे थे लेकिन जन प्रतिनिधियो और कुछ ग्रामीणों ने पाइप नहीं रखने दिए , अगर ग्रामीण सहमत होंगे तो पाइप रख दुरस्त किया जाएगा।

# मांडलगढ़ विधायक खंडेलवाल ने किया अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, किसानों को दिलाया राहत का भरोसा





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से परेशान किसानो की मदद के लिए रविवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने खाचरोल ग्राम पहुँचकर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने खेतों और आसपास की स्थिति का जायजा लिया तथा किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना।

### खेतों में पहुंचकर जाना हाल

दौरे के दौरान विधायक खंडेलवाल क्षेत्र में अत्यधिक कीचड़ होने के कारण किसानों के साथ ट्रैक्टर में बैठकर खेतो पर पहुँचे और वहीं खड़े होकर फसल खराबे की स्थिति का निरीक्षण किया और उनकी समस्याओं को सुना ।

### शीघ्र सर्वे करवाकर गिरदावरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

खंडेलवाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित किसानों की फसलों के नुकसान का सर्वे शीघ्र करवाकर गिरदावरी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें, ताकि सरकारी स्तर पर राहत सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे अकेले नहीं हैं,। अतिवृष्टि में हुए नुकसान की भरपाई हेतु हर संभव सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

### फसल का 90 प्रतिशत तक नुकसान

खंडेलवाल ने बताया कि अतिवृष्टि से क्षेत्र में करीब 90 प्रतिशत तक फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र राहत पहुंचाने की मांग की और किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

### भाजपा पदाधिकारी और किसान रहे साथ

इस अवसर पर भाजपा जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी विधायक के साथ मौजूद रहे। इनमें मांडलगढ़ पंचायत समिति सदस्य जगदीश बैरवा, महुआ मंडल उपाध्यक्ष कैलाश सुखवाल, कुलदीप सिंह सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे ।

# 69 वीं 17 वर्षीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## शाहपुरा ने जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट का खिताब, गुलाबपुरा रही उपविजेता, पालड़ी तीसरे स्थान पर



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(जसवंत पारीक)। आकोला कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 4 सितंबर से चल रही 17वीं वार्षिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जीएसएस स्कूल शाहपुरा ने शानदार खेल दिखाते हुए गांधी विद्यालय गुलाबपुरा की टीम को बेस्ट ऑफ फाइव के तहत 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता संयोजक अमित गुर्जर ने बताया कि रविवार सुबह हुए फाइनल में शाहपुरा टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। गुलाबपुरा की टीम उपविजेता रही जबकि विद्या रामचंद्र विद्यालय पालड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संस्था प्रधान मनीषा पारीक और शारीरिक शिक्षक फारूक मोहम्मद ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 46 टीमों के 552 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विद्यालय प्रशासन की ओर से भामाशाहों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण टेलर रहे । अध्यक्षता प्रशासक शिवलाल जाट ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर व्यास, जमनालाल जोशी, चांदमल डाड, जगदीश बांगड़, गोविंद बांगड़, जगदीश जोशी, कृष्ण गोपाल आचार्य, शिवनारायण काबरा, पूर्व सरपंच हेमलता उपाध्याय, प्रियदर्शी पारीक, पूर्व नायब तहसीलदार सत्यनारायण आचार्य और धर्मेंद्र जोशी उपस्थित रहे।



## QUICK BITES

### सिंहजीखेड़ा पहुँचे विधायक गोपाल, खेतों में देखा नुकसान , किसानों की आवाज सरकार तक पहुँचाएँगे

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**दिनेश पारीक।** क्षेत्र में हुई लगातार बारिश और अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का जायजा लेने रविवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल सिंहजीखेड़ा गाँव पहुँचे। उन्होंने किसानों के खेतों का निरीक्षण कर खराबे की स्थिति देखी और कहा कि किसानों की आवाज को दबाया नहीं जाएगा, उनकी पीड़ा शीघ्र ही सरकार के समक्ष मजबूती से रखी जाएगी। विधायक ने प्रशासन द्वारा खराबे को कम आँकने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत गिरदावरी कर जिंसवार रिपोर्ट तैयार की जाए।

इस दौरान आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ विधायक के सामने रखीं। खंडेलवाल ने मौके पर ही कई मुद्दों का निस्तारण किया और लाखों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार गाँव और किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में विधायक ने रामदेवजी मंदिर में विश्रांति गृह के लिए पाँच लाख रुपये और तेजाजी महाराज मंदिर में सराय निर्माण के लिए पाँच लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही दो विद्यालयों में कक्ष निर्माण और एक आंगनबाड़ी भवन निर्माण का भी आश्वासन दिया। जनसुनवाई और निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, उप प्रधान कैलाश सुथार, पूर्व भाजपा नन्दराय मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारी बारिश से बिरधोल में वृद्धा का मकान ढहा, परिवार सुरक्षित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**दिनेश पारीक** । उपखंड क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से बिरधोल गाँव में जेतु देवी बलाई पत्नी स्व. भोलू बलाई का कच्चा मकान ढह गया। तेज बारिश और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच मकान की दीवार गिरने से परिवार ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का अधिकांश सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद पूरा परिवार पास ही स्थित दूसरे मकान में शरण लेने को मजबूर हुआ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 69वीं वेट लिफ्टिंग जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

## खेलों से मिलता है अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा - श्यामा देवी





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

तहसील क्षेत्र के कास्या गाँव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 69वीं वेट लिफ्टिंग जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्यामा देवी मीणा और अध्यक्षता कर रहे मांडलगढ़ प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि श्यामा देवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों में हार-जीत का महत्व नहीं है, बल्कि खेल जीवन में संघर्ष करने और निराश न होकर हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वहीं, अध्यक्षता कर रहे प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा ने कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से जिले व प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों को गोल्ड और सिल्वर मेडल सहित पारितोषिक प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि श्यामा देवी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रभु दयाल वर्मा ने सभी भामाशाहों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार जताया।

समारोह में पंचायत समिति सदस्य नरेश मीणा, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष कमलेश सेन, पूर्व सरपंच विजय तिवारी, ब्लॉक सचिव सत्यनारायण मेवाड़ा, पूर्व उपाध्यक्ष जगदीश सिंह सांखला, पूर्व सरपंच सदा राम बंजारा, बिजौलियां केवीवीएस डायरेक्टर आशीष शर्मा , राधेश्याम मीना, विजयपाल बंजारा, श्याम गाडोलिया सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# काछोला में रक्तदाताओं का जोश , 111 यूनिट रक्तदान, 15 ने किया दुर्लभ रक्त का दान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



युवा हेल्पलाइन ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को माहेश्वरी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में कस्बेवासियों का उत्साह देखने को मिला। शिविर में कुल 111 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

शिविर का शुभारंभ माहेश्वरी समाज काछोला के नगर अध्यक्ष सूरत राम गगरानी एवं मंत्री भेरूलाल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए किया।

युवा हेल्पलाइन ग्रुप के अरविंद डागा व गोपाल मालू ने बताया कि शिविर में दो दंपतियों ने संयुक्त रूप से रक्तदान किया। 15 से अधिक युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया, वहीं 21 रक्तदाताओं ने 15वीं से 20वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

विशेष रूप से 15 रक्तवीरों ने दुर्लभ रक्त समूह का रक्तदान कर जरूरतमंदों को जीवनदान देने का संकल्प निभाया।

रक्त संग्रहण कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक भीलवाड़ा की टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व हेमंत गर्ग ने किया। इस दौरान युवा हेल्पलाइन ग्रुप के सदस्य भी पूरी तत्परता से मौजूद रहे।

# श्री चन्दाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के शिखर पर चढ़ाई ध्वजा

## समाजजन बने मंगलाचरणीय आयोजन के साक्षी

भीलवाड़ा फोकस @ विजयनगर



श्री दिगंबर जैन समाज विजयनगर द्वारा रविवार को स्थानीय सथाना बाजार स्थित श्री 1008 चंदाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रातःकाल वेला में अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात् पूजा अर्चना कर विधि विधान से ध्वजा चढ़ाई गई।

इस अवसर पर सकल जैन समाज अध्यक्ष सुनील कोठारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चन्दाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के शिखरों पर रविवार, पूर्णिमा को ध्वजा चढ़ाई गई। इसका सौभाग्य अशोक, भाग्यवंती , अक्षय, शिप्रा छाबड़ा जैन परिवार को मिला।

इस अवसर पर अध्यक्ष कोठारी ने कहा कि मंदिर जी पर ध्वज फहराना प्राचीन परंपरा है, जो देवता की उपस्थिति, शक्ति और सौंदर्य का प्रतीक मानी जाती है।धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से जुड़ी यह परंपरा मंदिर की भव्यता को और बढ़ाती है। समाज के मंत्री पदम अजमेरा ने बताया कि सोमवार को क्षमावणी पर्व के अवसर प्रातःआठ बजे से संजयनगर रोड स्थित शांतिनाथ जिनायतन मंदिर में अभिषेक एवं शांतिधारा कार्यक्रम होंगे। श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष अजय कोठारी ने बताया कि उसके पश्चात दोपहर में श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल विजयनगर द्वारा समाज की सामूहिक गोठ का कार्यक्रम होगा। श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल के मंत्री अक्षत जैन ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सायं चार बजे से श्री चंदाप्रभु मंदिर के प्रांगण में मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा होंगे। उसके बाद तपस्वियों का सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। मंदिर जी में महाआरती होगी। फिर समाजजन क्षमावणी पर्व के अंतर्गत वर्षपर्यंत हुई सभी जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए परस्पर क्षमायाचना करेंगे। सभी कार्यक्रमों को लेकर समाजजन में भारी उत्साह है।

# कोठारी-बनास दूसरे दिन भी उफान पर

## सालरिया में ग्रामीणों ने की कोठारी की पूजा, कई मार्ग अब भी बंद

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर





**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र से गुजर रही कोठारी नदी पिछले 42 घंटे से उफान पर है, जिससे सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। वहीं, बनास नदी भी रविवार को दूसरे दिन उफान पर रही, जिसके चलते दर्जनों गांवों का जिला व उपखंड मुख्यालय से संपर्क कटा रहा।

शुक्रवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद क्षेत्र के सभी जलाशय ओवरफ्लो होकर चादर चल रहे हैं। रविवार दोपहर बाद जहां सवाईपुर-सालरिया मार्ग सुचारू हो गया, वहीं सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग पर रविवार शाम तक पानी पुलिया पर बहता रहा। यहां कुछ युवक जोखिम में डालकर मछली पकड़ते नजर आए।

इसी बीच सालरिया गांव के ग्रामीणों ने कोठारी नदी तट पर पूजा-अर्चना कर चुनरी ओढ़ाई। दूसरी ओर बनास नदी में महेशपुरा-सोलंकिया का खेड़ा पुलिया पर रविवार शाम तक डेढ़ फीट पानी चलने से यातायात बंद रहा।

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सवाईपुर चौकी व बड़लियास थाना पुलिस ने बैरिकेडिंग और लकड़ियां डालकर रास्ता बंद किया है ।

# अखिल भारतीय जाट राव समाज की बैठक सम्पन्न

## मिठ्ठू लाल रेवल बने अध्यक्ष, शिक्षा पर जोर और घाट निर्माण पर चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ संवाईपुर**

( सांवर वैष्णव)। श्री सिंगोली चारभुजा स्थित जाट राव समाज धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय जाट राव समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों और गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया और शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष



जोर दिया गया। साथ ही श्री त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर पर घाट निर्माण कार्य को लेकर भी चर्चा की गई।

बैठक में समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मिठ्ठू लाल रेवल भांड का खेड़ा को अध्यक्ष, उदय लाल सिगदर रानीखेड़ा और दिनेश चारण बन का खेड़ा को उपाध्यक्ष बनाया गया। भूपेंद्र बराला बन का खेड़ा को कोषाध्यक्ष, भगवान जागा कांदा को सचिव, जगदीश चारण सुवाणा को सहसचिव, जबकि कमलेश कुमार कावा बन का खेड़ा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। संरक्षक के रूप में लादू लाल सिगदार और प्रकाश बराला का चयन हुआ। इसी तरह संगठन मंत्री पद पर कई युवाओं को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजनों में शंकर लाल रेवल, रामेश्वर रेवल, लादू सिगदार, प्रकाश बराला, दिनेश चारण, भूपेंद्र बराला, गजेंद्र बराला, मंगल कुमार रेवल, गोविंद सिकदर, देवीलाल जालिया, रतन लाल बोरडा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# बिसायती कम्युनिटी बोर्ड की ओर से विशाल रक्तदान शिविर

## 3200 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह, महिलाओं ने भी लिया बढ़-चढ़कर योगदान

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

बिसायती कम्युनिटी बोर्ड की ओर से रविवार को मांडल स्थित रोशन नगर दरगाह पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मुस्ताक खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में संस्थापक अबरार अहमद ने रक्तदान शिविर को समाज की एकजुटता और इंसानियत की सेवा का बेहतरीन उदाहरण बताया तथा इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी कदम कहा। अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि ब्लड कैंप इंसानियत की सेवा का कार्य है और गर्व की बात है कि समाज के हर तबके ने इसमें भागीदारी निभाई। सह संस्थापक सलीम बिसायती ने कौम को एकजुट होने का संदेश दिया।

रक्त संग्रह का कार्य महात्मा गांधी चिकित्सालय और अरिहंत हॉस्पिटल की मेडिकल टीमों द्वारा संपन्न किया गया। शिविर में विशेष सहयोग जीएन टेंट हाउस, स्टार भारत टेंट हाउस , उड़ान शिक्षण एवं सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से दिया गया।

कैंप इंचार्ज रज्जाक बिसायती ने बताया कि शिविर में विभिन्न इलाकों से रक्तदाताओं ने आकर योगदान दिया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें न केवल बिसायती समाज बल्कि आम जनों ने भी हिस्सा लिया। महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने रक्तदान कर समाज में मिसाल कायम की।

शिविर की सफलता में सलीम बिसायती, जानिशार, शाकिर बिसायती, शेर मोहम्मद, बाबु बिसायती, मुस्ताक बिसायती, वसीम मंसुरी, शाहरुख पटवा, महफुज अली, ओवेस कुरैशी, रिजवान बिसायती, हसन आसिफ बिसायती, रेहान बिसायती, आबिद बिसायती, इमरान सयैद, अयान बिसायती, हुसैन इरफान, लतिफ बिसायती सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

माली सैनी समाज द्वारा समाजसेवी दिनेश कुमार माली के सानिध्य में रविवार को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को आग्रह पत्र सौंपा गया। इसमें प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के योगदान को सम्मान देने की मांग की गई।

आग्रह पत्र में कहा गया कि सावित्रीबाई फुले ने देश में बालिका शिक्षा की अलख जगाई, किसानों, दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की आवाज उठाई तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। उनके योगदान को देखते हुए 3 जनवरी को फुले के जन्मदिवस को महिला शिक्षिका दिवस घोषित किया जाए। साथ ही भीलवाड़ा के एक विद्यालय का नाम सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा जाए। इस दौरान रोहित माली और



दुर्गालाल मावर भी मौजूद रहे।

# राठौड़ की जन्म जयंती पर बदनोर में 102 यूनिट रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ बदनोर**

वीर शिरोमणि जयमल राठौड़ की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को लड़ने में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 102 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

इस अवसर पर करनी सेना के अध्यक्ष बबलू बना ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं नीतू कंवर पुत्री रतन सिंह राठौड़, पडासोली ने रक्तदान कर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया। रक्त संग्रहण का कार्य भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टेक्नीशियन टीम द्वारा किया गया। टीम प्रभारी त्रिलोक चंद्र वर्मा एवं कैलाश लोकेश सुवालका ने सभी रक्तदाताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस पुनीत कार्य में दिए गए योगदान पर आभार जताया।



# पुलिसकर्मियों और परिजनों के लिए पुलिस लाइन में लाइब्रेरी, पढ़ाई के साथ सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

रिजर्व पुलिस लाइन भीलवाड़ा में अब पुलिसकर्मियों, उनके बच्चों और परिजनों को पढ़ाई के लिए शांत और सुरक्षित माहौल मिल रहा है। यहां करीब तीन लाख रुपये की लागत से एक सुसज्जित और वातानुकूलित लाइब्रेरी तैयार की गई है, जिसका उद्घाटन दो माह पूर्व पूर्व डीजीपी पी.के. सिंह और डीआईजी अनिल पालीवाल ने किया था।

एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कई पुलिसकर्मियों के बच्चों



को घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाते थे। ऐसे में पुलिस लाइन परिसर में लाइब्रेरी शुरू करने का निर्णय लिया गया। आज इस लाइब्रेरी में लगभग 30 विद्यार्थी तीन पारियों में बैठकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी की सबसे खास बात यह है कि यह न केवल पूरी तरह वातानुकूलित है, बल्कि यहां सीसीटीवी कैमरे, सुविधाजनक केबिन, प्रतियोगी पत्रिकाएं और हिंदी-अंग्रेजी समाचार पत्र भी उपलब्ध हैं। परिसर के सुरक्षित वातावरण में छात्र-छात्राएं बिना किसी व्यवधान के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए खासतौर पर लाभकारी साबित हो रही है, जिनके पास घर पर शांत वातावरण या संसाधन नहीं हैं। साथ ही, पुलिस लाइन में संचालित यह लाइब्रेरी युवाओं को अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है।

## QUICK BITES

### तेज रफ़्तार कार खंबे व पेड़ से टकराईं , बाइक को लिया चपेट में , जनहानि नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



नेशनल हाईवे 758 पर शिव नगर स्थित चावंड़ा माता मंदिर के पास शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। गंगापुर से भीलवाड़ा की ओर तेज गति से जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे और नीम के पेड़ से टकरा गई, इसके बाद सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसे में बिजली का खंभा और पेड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि आस-पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। घटना की सूचना पर टोल प्लाजा मुजरास की पेट्रोलिंग टीम , एम्बुलेंस और कारोई पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार घायलों को उपचार के लिए भीलवाड़ा महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया।

### हर्षित ने धार्मिक परीक्षा में प्राप्त किया प्रथम , दिलाया गौरव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



माश्यप्रदेश के अशोक नगर में निर्यापक श्रमण सुधा सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित 32वें श्रावक संस्कार शिविर का समापन रविवार को हुआ। शिविर के दौरान शिविरार्थियों को छः ढाला ग्रंथ का अध्ययन कराया गया तथा समापन पर परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा परिणाम में माणिक्य नगर, भीलवाड़ा निवासी हर्षित जैन लुहाड़िया ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिले का नाम रोशन किया। शिविर में भीलवाड़ा से पूनम चंद सेठी, लादू लाल शाह, कैलाश गंगवाल, राजेंद्र कुमार जैन, प्रकाश सोनी, विशाल शाह, जम्मू कुमार जैन, राजकुमार टोंगिया, सुधांश अग्रवाल, सुरेश कुमार जैन, संतोष जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### चौरासी नाथ की संवंत्सरी पर तपस्वियों का पारणा महोत्सव, 22 परिवार हुए लाभान्वित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अनुष्ठान आराधिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में सुभाषनगर श्रीसंघ द्वारा रविवार को दिवाकर कमला दरबार में चौरासी नाथ की संवंत्सरी पर पारणा महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें उपवास पूर्ण करने वाले तपस्वियों को सामूहिक पारणा कराने का लाभ चार पीढ़ियों वाले 22 परिवारों ने लिया।

सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं तपस्वियों के पारणा में शामिल हुए। साध्वी मंडल ने पुण्यशाली परिवारों को मंगलभावना दी, वहीं महासाध्वी कुमुदलता जी ने प्रवचन में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, भक्ति और तपस्या के महत्व पर प्रकाश डाला। धर्मसभा में महापुरुषों की स्मृति में भावांजलि अर्पित की गई तथा दिवाकर चालीसा का जाप कराया गया।

इस दौरान कई तपस्वियों की तपस्याओं की अनुमोदना की गई और बाहर से आए संघों का स्वागत किया गया। चातुर्मास समिति ने जानकारी दी कि 21-22 सितंबर को भगवान श्री अरिष्टनेमी-पार्श्वनाथ महामंगलकारी अनुष्ठान आरसी व्यास कॉलोनी स्थित मैदान में आयोजित होगा, जिसके लिए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को आमंत्रित किया गया है।

### प्लास्टिक छोड़ो अभियान के तहत पेंशनर भवन में आज होगा कार्यक्रम , कपड़े के बैग किए जाएंगे वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा जवाहर फाउंडेशन व एलएनजे ग्रुप के सहयोग से शहर में चल रहे प्लास्टिक छोड़ो अभियान के तहत सोमवार, 8 सितम्बर को सुबह 11 बजे गांधी नगर स्थित पेंशनर भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के सचिव जगदीश चन्द्र मूंदड़ा ने बताया कि यूनेस्को द्वारा लगातार प्लास्टिक हटाओ, कपड़े का बैग अपनाओ और पर्यावरण बचाओ आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के विभिन्न इलाकों में कपड़े के बैग बांटे जा रहे हैं।

सोमवार को होने वाली बैठक में पेंशनर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली होंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को कपड़े के बैग वितरित किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।